YARA

Knowledge grows



# आचार संहिता

## Yara के व्यावसायिक साझेदारों के लिए

***हमारा मिशन***
*ज़िम्मेदारी से दुनिया का पोषण एवं धरती की सुरक्षा करना.*

***हमारा विजन***
*एक सहयोगात्मक समाज; एक ऐसी दुनिया जहां कोई भूखा न हो; एक सम्मानजनक धरती.*

Collaboration | Curiosity | Accountability | Ambition

Yara के प्रत्येक व्यावसायिक भागीदार को, जिसमें आपूर्तिकर्ता, वितरक, एजेंट, पुनर्विक्रेता, संयुक्त उद्यम भागीदार, ग्राहक और रणनीतिक भागीदार भी शामिल हैं, हमारे मिशन, विजन और मूल्यों के अनुरूप, Yara की सफलता में योगदान देने वाली दुनियाभर में स्थित टीम के एक महत्वपूर्ण सदस्य के रूप में मान्यता दी जाती है. Yara के व्यावसायिक भागीदारों हेतु आचार संहिता उन सभी व्यक्तियों और कंपनियों पर लागू होती है जिनके साथ Yara के व्यावसायिक संबंध हैं, चाहे उनकी व्यावसायिक प्रकृति, लेन-देन की पद्धति या अवधि कुछ भी हो. इसमें सभी विधिक प्रकार, स्वामित्व संरचनाओं वाली और किसी भी क्षेत्राधिकार में गठित कंपनियां शामिल हैं. हमारा लक्ष्य, Yara की तरह समान कॉर्पोरेट मूल्यों को साझा करने वाले व्यावसायिक भागीदारों के साथ संबंध विकसित करना और एक नैतिक तरीके से व्यापार का संचालन करना है.

यह दस्तावेज़ दो प्रकार के व्यावसायिक सत्यनिष्ठा मानकों को रेखांकित करता है: a) Yara के व्यावसायिक भागीदारों के लिए सख्त कानूनी दायित्व, जिसमें अपरक्राम्यमानक और विनियम शामिल हैं; और b) अपेक्षित मानक, जिसमें वांछित मानक शामिल हैं जिन्हें Yara अपने व्यावसायिक भागीदारों से लागू करने की अपेक्षा करता है. Yara सख्त कानूनी दायित्वों के तात्विक उल्लंघनों के मामले में व्यावसायिक संबंधों को बंद करने का अधिकार सुरक्षित रखता है और अपेक्षित मानकों के उल्लंघन के मामले में अपने व्यावसायिक भागीदारों के साथ संशोधक उपायों का समर्थन करेगा. Yara इस दस्तावेज़ में उल्लिखित दायित्वों और अपेक्षाओं के संबंध में व्यावसायिक भागीदारों के अनुपालन की निगरानी या निरीक्षण करने का अधिकार भी सुरक्षित रखता है.

www.yara.com पर उपलब्ध Yara Ethics Hotline के माध्यम से कदाचार और अनैतिक व्यापारिक कार्यों की अनाम प्रतिवेदन को औपचारिक रूप दिया जा सकता है.

## Yara के व्यावसायिक भागीदारों के लिए कानूनी दायित्व

**1) सामान्य अनुपालन**: Yara के व्यावसायिक भागीदार हमारे व्यापारिक सौदों के संबंध में लागू सभी कानूनों और विनियमों का पालन करेंगे, जिसमें नीचे दिए गए आइटम 2 से 8 भी शामिल हैं, और तथ्यों के संयुक्त सत्यापन की अनुमति देते हुए, इस दस्तावेज़ में निर्धारित मानकों के किसी भी संदिग्ध उल्लंघन, या किसी अन्य गैर-अनुपालन के मामले में Yara को सूचित करें. यह Yara के व्यावसायिक भागीदारों और उनके उप संविदाकारों, दोनों पर ही लागू होता है.

**2) रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार:** Yara के व्यावसायिक भागीदार व्यापारिक नैतिक सिद्धांतों के उच्च मानकों की मर्यादा को बनाए रखेंगे, स्थानीय कानूनों का पालन करेंगे और किसी भी तरह के भ्रष्टाचार, रिश्वतखोरी, धोखाधड़ी, सुविधा -सेवा भुगतान, दलाली, अवैध भेंट या जबरन धन वसूली के कार्य में शामिल नहीं होंगे. Yara सुविधा-सेवा भुगतानों को एक प्रकार का भ्रष्टाचार मानता है और इस तरह के भुगतानों के लिए शून्य सहिष्णुता नीति अपनाता है

**3) मनी लॉन्ड्रिंग:** Yara उच्च सत्यनिष्ठा के साथ और कानूनों और विनियमों की सीमाओं के अंतर्गत व्यापार को संचालित करता है. हम अपने व्यावसायिक भागीदारों को Yara की ओर से किसी भी स्थान पर किसी भी रूप में काले धन को वैधता प्रदान करने की प्रक्रिया को अनदेखा करने या उसका समर्थन करने की अनुमति नहीं देंगे.

**4) निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा:** Yara सख्ती से प्रतिस्पर्धी विरोधी समझौतों या आचरण को प्रतिबंधित करता है, जिसमें कीमतें तय करना, माल या सेवाओं की आपूर्ति को प्रतिबंधित करना, बोली में धांधली और बाजार में हिस्सेदारी शामिल है.
हम अपने व्यावसायिक भागीदारों से अपेक्षा करते हैं कि वे स्वतंत्र और निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा के लिए प्रतिबद्ध रहें और प्रासंगिक प्रतिस्पर्धा कानूनों और विनियमों का पालन करें.

**5) उत्पादों का उपयोग:** अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता और लागू कानून तथा विनियामक कर्तव्यों के पालनस्वरूप, Yara गैरकानूनी उद्देश्यों के लिए अपने उत्पादों के दुरुपयोग को सहन नहीं करेगा. इसमें अवैध ड्रग और अवैध विस्फोटकों के उत्पादन में तैयार उत्पादों, मध्यवर्ती और कच्ची सामग्रियों के रूप में दुरुपयोग शामिल है, लेकिन इन्हीं तक सीमित नहीं हैं. कानूनी और विनियामक ढांचों को मज़बूत बनाने के अपने संकल्प में, Yara अपने व्यावसायिक भागीदारों को उनकी आपूर्ति श्रृंखलाओं में दुरुपयोग को रोकने या उनका पता लगाने तथा निवारण के लिए उचित निगरानी प्रणालियों का कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए उनके कर्तव्यों के प्रति लगातार जागरूक करता रहता है. लागू कानूनों और विनियमों और खतरनाक पदार्थ प्रबंधन से संबंधित Yara के लिखित दिशानिर्देशों का अनुपालन करना भी एक आवश्यकता है.

*आगे जारी है*

**6) बाल या जबरन श्रमिक:** Yara मानव तस्करी का उपयोग या उसे स्वीकार नहीं करेगा, अनैच्छिक श्रम, बंधुआ या जबरन श्रमिक का उपयोग नहीं करेगा और हमारी ओर से किसी को भी ऐसा करने देना स्वीकार नही करेगा. व्यावसायिक भागीदारों द्वारा बाल श्रमिक का कोई भी उपयोग अंतरराष्ट्रीय रूप से मान्यता प्राप्त मानकों जैसे कि UNICEF और ILO के दिशानिर्देशों के साथ-साथ स्थानीय कानून का पालन करते हुए किया जायेगा. व्यावसायिक भागीदारों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे भर्ती किए गए श्रमिकों की आयु का सत्यापन करने के लिए कुशल आंतरिक नियंत्रण क्रियान्वित करेंगे.

**7) भेदभाव:** Yara भेदभाव की समस्या को बहुत ही गंभीरता से लेता है. हम अपेक्षा करते हैं कि हमारे व्यावसायिक भागीदारों के सभी कर्मचारियों के साथ सम्मान और गरिमापूर्ण व्यवहार किया जाए और अवसरों की समानता, जाति, रंग, धर्म, लिंग, आयु, राष्ट्रीय मूल, लैंगिक-रुझान, वैवाहिक स्थिति या विकलांगता पर ध्यान दिए बिना, पूरी तरह से योग्यता पर आधारित हो. Yara के व्यावसायिक भागीदारों को एक निष्पक्ष कार्य परिवेश का निर्माण करने के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए और नियुक्ति और नियोजन प्रक्रियाओं में भेदभाव से संबंधित सभी लागू स्थानीय कानूनों का पालन करना चाहिए.

**8) सुरक्षित और स्वस्थ कार्य परिवेश:** Yara के व्यावसायिक भागीदार कर्मचारियों को अंतरराष्ट्रीय मानकों और राष्ट्रीय कानूनों के अनुपालन में एक सुरक्षित और स्वस्थ कार्य परिवेश उपलब्ध कराएंगे.

## Yara के व्यावसायिक भागीदारों के लिए अपेक्षित मानक

**1) सामान्य अपेक्षा**: Yara के व्यावसायिक भागीदारों से अपेक्षा की जाती है कि वे नीचे दिए गए आइटम 2 से 8 में निर्धारित समान मानकों की मर्यादा को बनाए रखें और अपने खुद के व्यावसायिक भागीदारों के समूह से भी वही अपेक्षा करें, विशेषकर उन भागीदारों से जो Yara के लिए व्यापार संचालन करते हैं.

**2) व्यापार उपहार और आतिथ्य:** Yara का मुख्य नियम यह है कि हम न तो उपहार देना पसंद करते हैं और न लेना. Yara के कर्मचारी, अपने प्रबंधक से लिखित स्वीकृति के बिना 75 USD से अधिक मूल्य के उपहार न ही दे सकते हैं या न ही स्वीकार कर सकते हैं. Yara के कर्मचारी उपहार देकर और/या आतिथ्य देकर दूसरों को प्रभावित करने या दूसरों से प्रभावित होने की कोशिश नहीं करेंगे.

**3) आंदोलन, संबद्धता और सामूहिक सौदेबाज़ी की स्वतंत्रता:** Yara अपने व्यावसायिक भागीदारों से अपेक्षा करता है कि वे व्यापार संघों या उसी तरह के बाह्य प्रतिनिधि संगठनों को शामिल करते हुए, संघ की स्वतंत्रता के प्रति अपने कर्मचारियों के अधिकारों का सम्मान करें और उनकी मर्यादा को बनाए रखें. उनके कर्मचारियों के पास लागू कानूनों और विनियमों के अनुसार सामूहिक सौदेबाज़ी का अधिकार होना चाहिए और कर्मचारियों के लिए किसी व्यापार संघ या अन्य प्रतिनिधि निकाय में शामिल न होना चुनने का अधिकार होना चाहिए. जहां ये अधिकार प्रतिबंधित हैं, हम अपेक्षा करते हैं कि हमारे व्यावसायिक भागीदार प्रभावी कर्मचारी (श्रमिक)-कर्मचारी सहयोग के लिए वैकल्पिक साधन खोजें. व्यावसायिक भागीदारों से यह अपेक्षा की जाती है कि वह सुनिश्चित करें कि उनके कर्मचारी अपनी भर्ती की प्रक्रिया से संबंधित वित्तीय भार से मुक्त रहें, जैसे कि शुल्क और संबंधित खर्च. साथ ही, वे यह भी सुनिश्चित करें कि आंदोलन करने की कर्मचारियों की स्वतंत्रता किसी भी तरह से प्रतिबंधित नहीं है.

**4) हित के टकराव:** Yara अपने कर्मचारियों और व्यावसायिक भागीदारों से अपेक्षा करता है कि वे वास्तविक, संभावित या कथित हितों के टकराव की स्थितियों का तुरंत खुलासा करेंगे और उनका समाधान करें.

**5) समान वेतन और कार्य के घंटे:** व्यावसायिक भागीदारों से अपेक्षा की जाती है कि वे व्यक्तिगत विश्वासों या किसी भी व्यक्तिगत विशेषताओं की परवाह किए बिना,कर्मचारियों को उचित रूप से भुगतान करें. कर्मचारियों, सलाहकारों या ठेकेदारों के लिए व्यक्तिगत मुआवजा, केवल स्थिति, प्रदर्शन और क्षमता के आधार पर भिन्न होगा. सभी मुआवजा राष्ट्रीय न्यूनतम मजदूरी की आवश्यकताओं को पूरा करेगा और कर्मचारियों तथा उनके परिवारों को जीवन का एक सभ्य मानक उपलब्ध कराएगा. व्यावसायिक भागीदारों से यह भी अपेक्षा की जाती है कि वे कार्य -समय और आराम की अवधियों पर लागू कानूनों और विनियमों का पालन करें.

**6) स्वदेशी लोग:** Yara अपने व्यावसायिक भागीदारों से अपक्षा करता है कि वे वे अपने संचालन से प्रभावित स्वदेशी लोगों की पहचान करें और उन्हें पहचानें, साथ ही स्वदेशी लोगों के अधिकारों का सम्मान करें और उनके उल्लंघन को रोकें. स्वदेशी लोगों को यह अधिकार है कि उन्हें प्रभावित करने वाले निर्णयों के बारे में उन्हें सूचित किया जाए और इसके बाद उनकी सहमति ली जाए.

**7) पर्यावरण और पर्यावरणीय प्रभाव की सुरक्षा:** व्यावसायिक भागीदारों से अपेक्षा की जाती है कि वे सभी लागू पर्यावरणीय कानूनों और विनियमों के अनुसार संचालन करें. Yara अपेक्षा करता है कि व्यावसायिक भागीदार एक उपयुक्त पर्यावरण नीति और एक पर्यावरण प्रबंधन प्रणाली लागू करेंगे, जो उनके संचालन और उत्पादों के पूरे जीवन चक्र से संबंधित पर्यावरणीय प्रभावों और जोखिमों को शामिल करती हो. प्राकृतिक संसाधनों, ऊर्जा और पानी के उपयोग को इष्टतम बनाने और हवा, पानी और भूजल, मिट्टी, जैव विविधता और जलवायु पर नकारात्मक प्रभाव को कम करने के उद्देश्य से पर्यावरण की दृष्टि से अनुकूल प्रौद्योगिकियों, उत्पादों और सेवाओं के उपयोग की भी अपेक्षित है.

**8) स्थिरता:** Yara अपने व्यावसायिक भागीदारों से स्थिरता सिद्धांतों को अपनाने और बढ़ावा देने और लागू पर्यावरण, सामाजिक और शासन ("ESG") कानूनों और विनियमों का पालन करने और आवश्यकताओं किसी भी ज्ञात या अपेक्षित भविष्य के परिवर्तनों की भविष्यवाणी करने और अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए सभी उचित कार्रवाईयों की अपेक्षा करता है.

**9) शिकायत तंत्र:** Yara अपने व्यापारिक भागीदारों से कर्मचारियों और संभावित रूप से प्रभावित हितधारकों की शिकायतों के समाधान के लिए रिपोर्टिंग तंत्र और प्रक्रियाओं को लागू करने की अपेक्षा करता है.

Yara के कर्मचारियों, सलाहकारों या ठेकेदारों अथवा हमारे प्रत्येक व्यावसायिक भागीदार के आचरण से संबंधित कोई भी उल्लंघन या चिंता के विषय की सूचना तुरंत Yara के नैतिकता और अनुपालन विभाग को ethics@yara.com पर दी जानी चाहिए

Yara की एथिक्स हॉटलाइन और नैतिकता और अनुपालन टीम के बारे में विवरण के लिए www.yara.com देखें.